**भारत सरकार**
**रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय**
**औषध विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 809**
**दिनांक 29 नवम्बर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**प्रधान मंत्री जन औषधि केन्द्र**

**809. श्री बी वाई, राघवेन्द्रः**

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कर्नाटक विशेषकर शिमोगा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित देश भर में वर्तमान में कितने प्रधान मंत्री जन औषधि केन्द्र कार्य कर रहे हैं;
(ख) उक्त क्षेत्र सहित देश भर में अतिरिक्त जन औषधि केन्द्रों की स्थापना हेतु लंबित आवेदनों की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ग) क्या देश भर में प्रधान मंत्री जन औषधि केन्द्रों के नेटवर्क का विस्तार करने की कोई तात्कालिक योजनाएं हैं;
(घ) कर्नाटक में विशेषकर शिमोगा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में विद्यमान जन औषधि केन्द्रों पर आवश्यक दवाओं की पर्याप्त आपूर्ति और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं/ किए जाने का विचार है; और
(ङ) देश में जन औषधि केन्द्रों के नेटवर्क का विस्तार करने के लिए क्या कार्यनीति कार्यान्वित की जा रही है?

**उत्तर**

**रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

**(क):** प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के तहत, दिनांक 31.10.2024 तक देश भर में कुल 14131 जन औषधि केंद्र (जेएके) खोले गए हैं, जिनमें से 1339 जेएके कर्नाटक राज्य में खोले गए हैं, जिनमें शिमोगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 40 जेएके शामिल हैं।

**(ख):** इस समय, देश भर में जेएके खोलने के लिए विभिन्न स्तरों पर 990 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं, जिनमें से 01 आवेदन कर्नाटक राज्य के शिमोगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित है।

**(ग):** प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के तहत सरकार ने 31 मार्च 2027 तक देश भर में 25,000 जेएके खोलने का लक्ष्य रखा है।

**(घ):** जनऔषधि केंद्रों पर दवाओं की आपूर्ति और पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, इस योजना की कार्यान्वयन एजेंसी भारतीय औषध एवं चिकित्सा उपकरण ब्यूरो (पीएमबीआई) ने गुरुग्राम, चेन्नई, गुवाहाटी, बेंगलुरु और सूरत में पांच मालगोदामों का एक नेटवर्क स्थापित किया है। इनमें से बेंगलुरु का गोदाम शिमोगा सहित कर्नाटक के जेएके को दवाओं की आपूर्ति करता है। मांग के पूर्वानुमान के लिए इन्हें एसएपी आधारित इन्वेंट्री प्रबंधन प्रणाली का सहयोग प्राप्त है। पीएमबीआई की मार्केटिंग और खरीद टीम जेएके में दवाओं के इन्वेंट्री स्तर और उपलब्धता की निगरानी भी करती है। सभी केंद्र मालिकों के लिए एक पॉइंट ऑफ सेल्स (पीओएस) एप्लिकेशन उन्हें दवाएं खरीदने के लिए आसान पहुंच प्रदान करता है।

इसके अलावा, पीएमबीआई के पास देश भर में फैले 36 वितरकों का एक सुदृढ़ वितरक नेटवर्क है। पीएमबीआई बेंगलुरु, मैसूर और हुबली में स्थित 3 वितरकों के माध्यम से कर्नाटक में जेएके को दवाओं की सीधी आपूर्ति कर रही है।

**(ङ):** पीएमबीआई की वेबसाइट अर्थात् www.janaushadhi.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करके जेएके खोलने के लिए देश के सभी जिलों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

*****